PTCUL

पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग

विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002

दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 email:- hr@ptcul.org

पत्रांक /मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/एच–6 दिनांक : 12.08.2021

विषय :– उपनल/पी0आर0डी0/स्वयं सहायता समूह के माध्यम से तैनात सुरक्षाकर्मियों की सूचना के सम्बन्ध में ।

समस्त मुख्य अभियन्ता/महाप्रबन्धक
समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक
समस्त अधिशासी अभियन्ता/आहरण वितरण अधिकारी पिटकुल,

.... ।

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि संविदा कर्मियों के सम्बन्ध में इस कार्यालय के पत्रांक 2053/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/एच–6 दिनांक 26.12.2020 के बिन्दु संख्या 02 में निर्देशित किया गया है कि उपनल/पी0आर0डी0/स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कार्योजित संविदा कार्मिक का पद रिक्त होने (अनुशासनहीनता पर हटाये जाने/अधिवर्षता आयु/मृत्यु/कार्य छोड़ने) की स्थिति में सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी/आहरण एवं वितरण अधिकारी का दायित्व होगा कि वह **वांछित सूचना निर्धारित प्रारूप में संलग्न कर एक सप्ताह के अन्दर स्पष्ट संस्तुति सहित निदेशक (मा0सं0) को प्रेषित कर अनुमोदन प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।**

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कतिपय कार्यालयों द्वारा उनके अधीन संविदा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को परिवर्तित कर उनके स्थान पर अन्य सुरक्षाकर्मी की तैनाती इस कार्यालय से अनुमोदन प्राप्त किए बिना ही किए जा रहे है, जोकि उचित नही है तथा प्रबन्धन द्वारा दिए गये निर्देशों का उल्लंघन हैं।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि है कि कृपया अपने अधीन कार्यालयों/खण्ड कार्यालय में उपनल/पी0आर0डी0/स्वयं सहायता समूह के माध्यम से तैनात सुरक्षाकर्मियों के कार्यमुक्त होने की सूचना इस कार्यालय को प्रेषित करने तथा उनके स्थान पर अन्य सुरक्षाकर्मी को इस कार्यालय द्वारा अनुमोदनोपरान्त ही नियोजित करने हेतु अग्रिम कार्यवाही करने का कष्ट करें ।

(अशोक कुमार जुयाल)
उपमहाप्रबन्धक (औ0सं0)

पत्रांक: 1479 /मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/एच–6 दिनांकित।

प्रतिलिपि :– प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सहायक/डाटा एण्ट्री आपरेटर–निदेशक (परिचालन)/(परियोजना)/(मा0सं0)/(वित्त) पिटकुल, देहरादून को निदेशकगणों के संज्ञानार्थ।
2. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0), पिटकुल को इस आशय से प्रेषित कि विषयगत पत्र को पिटकुल की वैबसाईट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अशोक कुमार जुयाल)
उपमहाप्रबन्धक (औ0सं0)